Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,

फतेहपुर—212601

पत्रांक : 722 / M-7 / 42 दिनांक : 28-04-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः— **दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला के ई—संस्करण में प्रकाशित शीर्षक "जल जीवन के अधूरे कामों को जल्द पूरा कराएं" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला के ई—संस्करण में प्रकाशित शीर्षक **"जलजीवन के अधूरे कामों को जल्द पूरा कराएं"** की कतरन इस खण्ड में प्राप्त हुई है के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि जनपद फतेहपुर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत 03 नग कार्यदायी संस्थाएं क्रमशः मे० पावरमेक भूरथनम (जे०वी०), मे० बाबा जी०ए०इन्फ्रा (जे०वी०) एवं मे० गायत्री रैमकी (जे०वी०) जनपद यूनिट फतेहपुर द्वारा 662 नग पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य कराएं जा रहे है। वर्तमान में योजना पर शिरोपरि जलाशय लक्ष्य 665 नग के सापेक्ष 334, ट्यूबवेल में लक्ष्य 719 के सापेक्ष 714, पम्प हाउस में लक्ष्य 719 के सापेक्ष 619 तथा वितरण प्रणाली कुल लक्ष्य 7827 किमी के सापेक्ष 7501 किमी पूर्ण है। इसी प्रकार गृह संयोजन में कुल लक्ष्य 377592 नग के सापेक्ष 354564 नग तथा नियमित पेयजल आपूर्ति मे कुल लक्ष्य 662 के सापेक्ष 244 की प्राप्ति है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत शासन द्वारा धनावन्टन न होने के कारण कार्य की प्रगति बाधित है। शासन द्वारा धनावन्टन के उपरान्त जिन योजनाओं में बोरिंग कार्य पूर्ण है एवं जलापूर्ति नही हो रही है उन योजनाओं में शीघ्र ही कार्य पूर्ण कराकर डायरेक्ट टयूबवेल के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय,

(अनुराग गौतम)
अधिशासी अभियन्ता

अमर उजाला ई-पेपर की वार्षिक सदस्यता पर
₹75
की विशेष छूट पाएं
2X
अभी सब्सक्राइब करें!

# Fatehpur News: जलजीवन के अधूरे कामों को जल्द पूरा कराएं

संवाद न्यूज एजेंसी, फतेहपुर Updated Tue, 28 Apr 2026 01:05 AM IST




